# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, केकड़ी (अजमेर) राज.

Email ID – npkekri2011@gmail.com ☎(O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.पा.के./PSKAY-21/2021–22/3713 दिनांक : 14.10.2021

## –: एम्पावर्ड कमेटी बैठक दिनांक 14.10.2021 की बैठक कार्यवाही विवरण :–

श्रीमान संयुक्त शासन सचिव महोदय, नगरीय विकास, आवासन एवं सयत्त शासन विभाग, राज. जयपुर के पत्रांक प.17(1)नविवि/अभियान/2021/मं.मं.ज्ञा जयपुर दिनांक 28.09.2021 के द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021 के तहत गठित एम्पावर्ड कमेटी की बैठक आज दिनांक 14.10.2021 को दोपहर 3.00 बजे कार्यालय नगरपालिका के अध्यक्ष कक्ष में आहूत की गई जिसमें अधिकृत कमेटी के निम्नांकित पदाधिकारी/सदस्यगणे उपस्थित हुये :–

1. श्री कमलेश कुमार साहू, अध्यक्ष, नगरपालिका केकड़ी। — अध्यक्ष
2. श्री बसन्त कुमार सैनी, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका केकड़ी। — सदस्य सचिव
3. श्री घासी लाल गुर्जर, सहायक अभियंता, नगरपालिका केकड़ी। — सदस्य
4. श्री भागचन्द बैरवा, कनिष्ठ लेखाकार नगरपालिका केकड़ी — सदस्य
5. श्री सचिन कुमार शर्मा, अरबन प्लानर–प्रथम(अनुबन्धित),नगरपालिका केकड़ी। — सदस्य

एम्पावर्ड कमेटी का कोरम पूरा होने पर श्रीमान अध्यक्ष महोदय नगरपालिका केकड़ी की आज्ञा से पालिका द्वारा जारी बैठक एजेण्डा अनुसार पत्रावलियॉ स्वीकृति हेतु रखी गयी।

**प्रस्ताव सं. 01 : कृषि भूमि पर बस चुकी आवासीय कॉलोनियों का सर्वे करवाये जाने पर विचार :–**

अध्यक्ष महोदय ने अवगत कराया कि नगरपालिका क्षेत्र में कृषि भूमि पर खातेदारों द्वारा कॉलोनियों बसायी जा चुकी है, जिनका सर्वे करवाया जाना नगरपालिका हित में आवश्यक है। वर्तमान में पालिका क्षेत्र में कृषि भूमि पर बसी हुई आवासीय कॉलोनियां निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | कॉलोनियों का नाम | खसरा संख्या |
|---|---|---|
| 1 | गेपालपुरा अजमेर रोड | 4011, 4012, 4013, 4014 |
| 2 | प्रतापनगर डोराई रास्ता | 8908/1154, 8909/1154 |
| 3 | न्यू तिरूपति बालाजी नगर | 222, 223, 224, 225 |
| 4 | बालाजीनगर–।।। बघेरा रोड | 6201, 6202, 6211 |
| 5 | सूर्यानगरी सुरजपोल गेट | 4424 |
| 6 | नन्दनगर अजमेर रोड | 9796/3952, 8871/8797, 8872/8797, 9139/8797, 9135/3952 |
| 7 | सुरज कॉलोनी मण्डा रास्ता | 7063, 7067, 7068 |
| 8 | चन्द्रप्रभुनगर–। अजमेर रोड | 3930 |
| 9 | चन्द्रप्रभुनगर–। अजमेर रोड | 3974, 3975, 3976, 3977, 3930, 3931, 3934, 3935 |
| 10 | उच्छवनगर ईदगाह के पास | 4116 पुराना 3096 |
| 11 | सुभाषनगर सापन्दा रोड | 9857/1000 |
| 12 | शिवशक्ति कॉलोनी | 7971, 7921, 7973, 7959, 7960 |
| 13 | नाकोडा भैरव–।।। | 7909, 7910, 2501 |
| 14 | लक्ष्मीनाथ कॉलोनी | 2612, 2608 |
| 15 | नाकोडा भैरव | 2631 |
| 16 | न्यू प्रतापनगर | 1008 |
| 17 | सुरज कॉलोनी | 7063, 7067, 7068 |
| 18 | नाकोडा भैरव | 2642 |
| 19 | न्यू पार्श्वनाथ कॉलोनी | 4052 का 1/2 हिस्सा |
| 20 | राधे–राधे कॉलोनी | 3545, 3500 |
| 21 | शिव कॉलोनी | 2810, 2848, 2850 |

अध्यक्ष
नगरपालिका केकड़ी

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, केकड़ी (अजमेर)



Scanned with CamScanner

अध्यक्ष महोदय ने अवगत कराया की उपरोक्त इक्कीस कॉलोनियॉ है जो कृषि भूमि पर बस्सी हुई है जिनमे भूखण्डधारियो द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान पट्टे देने की मांग की जा रही है इसलिऐ शीघ्र ही राज्य सरकार द्वारा नियुक्त नगर मित्रों से निर्धारित दरों पर ले आउट प्लान तैयार करवाया जाए ताकि भूखण्डधारको को राहत मिल सके। इस पर अधिषासी अधिकारी ने कमेटी को अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा नगरपालिका केकडी क्षेत्र के लिऐ छः नगर मित्रों को नियुक्त किया गया है, जो निम्नानुसार है 1. क्वालिटेक इजिनेयर्स 2. जैन आर्किटेक्ट 3. अजंली जैन 4. श्री सुधा सागर आर्किटेक्ट 5 आर. के. कन्सलटेन्ट 6. सतम्भा कन्सलटेन्ट

उपरोक्त नगर मित्र अभियान के दौरान पालिका क्षेत्र मे कार्यरत है। जिनके द्धारा भी ले आउट प्लान तैयार करवाये जाने के भी निर्देश प्रदान किये हुऐ है इस पर कमेठी ने विचार विमर्श किया की उपरोक्त नगर मित्रों मे से पालिका मे अधिकत्तर ले आउट प्लान से सम्बधित कार्य क्वालिटेक इंजिनियर्स द्वारा ही किये गये है। जिसका कार्य सन्तोषजनक है, ऐसी स्थिति में कार्य के अनुभव व सन्तोषजनक कार्य को मध्य नजर रखते हुऐ क्वालिटेक इंजिनियर्स नगर मित्र से उक्त कार्य पालिका हित मे करवाया जाना उचित रहेगा

बाद विचार विमर्श कमेटी द्वारा पालिका क्षेत्र की उक्त कृषि भूमि पर बस्सी आवासीय कॉलोनीयो का सर्वे क्वालिटेक इंजिनियर्स नगर मित्र से राज्य सरकार द्धारा निर्धारित दरों पर कार्य करवाये जाने का सर्व सम्मति से निणर्य पारित किया गया।

**प्रस्ताव सं. 02 : घर–घर कचरा संग्रहण हेतु ऑटोटीपर ड्राईवर सप्लाई कार्य की निविदा समयावधि बढ़ाने तथा कार्योत्तर स्वीकृति के सम्बन्ध में विचार :–**

अधिशासी अधिकारी ने अवगत कराया गया कि पालिका द्वारा ई निविदा सूचना सं. 07/2020–21 को निविदा जारी की गयी जिसकी अनुमानित लागत 17.50 लाख रू. की कार्यादेश रेट कॉन्ट्रेक्ट आदेश 1373 दिनांक 24.09.2020 द्वारा 01.10.2020 से 31 मार्च 2021 तक जारी किया गया तथा बाद कोविड–19 की द्वितीय लहर के कारण नवीन निविदा आमंत्रित नहीं की जा सकी तथा कार्यालय कार्य आदेश क्रमांक 3429 दिनांक 31.03.2021 जारी कर फर्म की कार्य अवधि मई 2021 तक बढ़ायी गयी तथा कार्य आदेश पत्रांक 770 दिनांक 28.05.2021 के द्वारा कार्य अवधि 31.07.2021 तक बढ़ायी गई। एवं पालिका द्वारा ई निविदा संख्या 20/2021–22 दिनांक 28.09.2021 को जारी कर दी गई है। तथा फार्म की कार्यवाही नहीं बढ़ाया जाना व नवीन टेण्डर जारी नहीं होना कोविड–19 व अन्य प्रशासनिक युक्तियुक्त कारण रहा है।

सफाई निरीक्षक से जानकारी करने पर बताया कि संवेदक द्वारा उपरोक्त कार्य महत्वपूर्ण व आवश्यक प्रकृति का होने के कार्य को रोका नहीं गया तथा व्यवस्थाए समान रूप से सुचारू संचालित की गई। कार्य व्यवस्था के लिए कार्य जुलाई, 2021 तक राशि 1175920 रू. का भुगतान ही किया गया है, जबकि कार्य की अनुमानित लागत 17.50 लाख रू. है।

अतः उपरोक्त कार्य की कार्य अवधि नवीन टेण्डर होने तक बढ़ायी गयी अवधि हेतु कमेटी द्वारा विचार विमर्श कर कार्योत्तर अवधि अनुमोदन की अभिशंषा सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया है।

**प्रस्ताव सं. 03 : निर्माण स्वीकृती के प्रकरण पर विचार :–**

अधिशासी अधिकारी ने बैठक में अवगत कराया कि पालिका में भवन निर्माण हेतु श्री श्योजीराम धाकड पुत्र रामकिशन धाकड व सुरेश चंद पुत्र भंवर लाल धाकड के द्वारा भवन निर्माण स्वीकृती हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया जिसमें प्रार्थी द्वारा निर्धारित अवधि में निर्माण नही करने पर पेनलटी की राशि 36995 निर्धारित की गयी थी जिसमें नगरिय विकास विभाग के आदेश क्रमांक प. 17(1)नविवि/अभियान/2021/ जयपुर दिनांक 1 सितम्बर 2021 के तहत प्रार्थी द्वारा पेनल्टी की राशि में 60 प्रतिशत की छूट चाही गयी जिस पर प्रार्थी को अभियान अवधि में राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक 1 सितम्बर 2021 के तहत छूट दिया जाकर राशि जमा कर निर्माण स्वीकृती जारी का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इसके पश्चात् सभा सधन्यवाद समाप्त की गई।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (सचिन कुमार शर्मा) | (भाग चन्द बैरवा) | (घासी लाल गुर्जर) | ( बसन्त कुमार सैनी) | (कमलेश कुमार साहू) |
| अरबन प्लानर–प्रथम अनु. | कनिष्ठ लेखाकार | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगरपालिका केकड़ी | नगरपालिका केकड़ी | नगर पालिका, केकड़ी | नगरपालिका केकड़ी | नगरपालिका केकड़ी |

क्रमांक : न.पा.के./PSKAY-21/2021–22/3715-3716 दिनांक : 14-10-2021

प्रतिलिपि वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–



Scanned with CamScanner

1. श्रीमान् निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान – जयपुर।
2. श्रीमान् उपनिदेशक (क्षेत्रीय) महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, अजमेर।
3. श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, केकड़ी।
4. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका केकड़ी।
5. संरक्षित पत्रावली।

(बसन्त कुमार सैनी)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, केकड़ी

\\Bhagchand-pc\g\2014\Basant Kumar Saini\PKSA-2021\empawar camety 2021.doc

Scanned with CamScanner